53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 21.1°c | अधिकतम 38.3 °c

# मुज़फ्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:44, सूर्यास्त - 6:50 | वर्ष : 53/ अंक : 111 | बुधवार, 23 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

हौसले के तरकश में कोशिश का वो तीर जिंदा रखो, हार जाओ चाहे जिन्दगी में सबकुछ मगर फिर भी जीतने की उम्मीद जिन्दा रखो।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी,विदेश जाकर देश का अपमान करने के अपराध में सीरियल अपराधी हैं : महेंद्र भट्ट



फिर भी ऐसे लोग बहुत हैं... जिनके वो आदर्श हैं......

# देश में बड़ा आतंकी हमला, नाम पूछकर पहलगाम में मारी गयी गोलियां, 28 की मौत

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में मंगलवार की दोपहर पूरे देश से घूमने आए पर्यटकों को आतंकियों ने अपना निशाना बना डाला। आपको बता दें कि पिछले कुछ वर्षो से आतंकवादी घटनाएं खत्म होने की ओर थी और कश्मीर में बड़ी संख्या में सैलानी उतरने लगे थे, जिससे कश्मीर की आर्थिक व्यवस्था भी शानदार हो गयी थी। पर्यटकों को इसी कारण निशाना बनाया गया कि पूरे देश में इसका मैसेज जाए और पर्यटक यहां आना कम कर दें।

दुःखद बात यह है कि इस घटना में हिन्दुओं के नाम पूछकर-पूछकर उन पर गोलियां दागी गयी। आपको बता दें कि इस बड़े हमले में 28 लोगों की मौत होना बताया गया है और यह सम्भवतः वर्ष 2019 के बाद का बड़ा हमला है। 2019 में पुलवामा में आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान शहीद हो गए थे। आज की घटना में अभी तक 28 लोगों के मारे जाने की खबर है। यह संख्या देर रात तक बढ़ भी सकती है। फिलहाल देश के गृहमंत्री अमित शाह कश्मीर के लिए रवाना हो चुके हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी से बातचीत कर हालात की जानकारी ली है। सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हमले वाले इलाके को पूरी तरह से घेर रखा है। सरकार द्वारा दो हैल्पलाइन नम्बर 9596777669 व 01932225870 व एक व्हाट्सअप नम्बर 9490551940 जारी किया है।







जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम के पास मंगलवार को एक बड़े आतंकवादी हमले में 28 से अधिक पर्यटकों के मारे जाने और कम से कम आठ अन्य के घायल होने की आशंका है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मृतकों की संख्या के बारे में अब तक हालांकि, कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। यह हमला अपराह्न करीब 1.30 बजे बैसरन मैदानी क्षेत्र में हुआ, जो पहलगाम के पास खूबसूरत लेकिन गैर-मोटर वाहन योग्य स्थान है। हमले पर केंद्र सरकार ने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त की और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा का नेतृत्व करने के लिए श्रीनगर पहुंचे। श्री शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी घटना के बारे में जानकारी दी, जो वर्तमान में सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों ने अपराधियों को नहीं बख्शने का प्रण लिया है। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियों ने बैसरन में पर्यटकों के एक समूह पर गोलीबारी की, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक पर्यटक महिला रोती हुई कह रही है कि वे ह्यभेल पुरीह्ल खा रहे थे, तभी एक आतंकवादी ने उसके पति को गोली मार दी। वीडियो में एक और महिला रोती हुई अपने पति को बचाने के लिए मदद मांग रही है। यूनीवार्ता को कई अपुष्ट सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी हमले में 28 से अधिक पर्यटक मारे गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि आठ घायलों को पहलगाम के एक चिकित्सा केंद्र में लाया गया और उनमें से दो को गंभीर हालत में श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर वाहनों से नहीं पहुंचा जा सकता और सुरक्षा बलों को पैदल ही घटनास्थल पर भेजा गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। वह केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की देखरेख करते हैं। गौरतलब है कि 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। पिछला बड़ा आतंकवादी हमला 14 फरवरी, 2019 को हुआ था, जब जैश-ए-मोहम्मद के एक स्थानीय आत्मघाती हमलावर आदिल डार ने लेथपोरा पुलवामा में अपनी विस्फोटकों से भरी कार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस से टकरा दिया था, जिसमें बल के 40 जवान मारे गये थे। इस हमले के बाद बालाकोट में हवाई हमले किये गये। एक दिन बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की और इससे दोनों देशों के बीच एक संक्षिप्त लड़ाई शुरू हो गयी। पुलवामा हमले ने भारत और पाकिस्तान को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया था। इससे पहले, जुलाई 2017 में दक्षिण कश्मीर में एक आतंकवादी हमले में अमरनाथ गुफा का दर्शन करके लौट रहे आठ तीर्थयात्री मारे गये थे तथा 10 से अधिक घायल हो गये थे।


## सऊदी दौरा बीच में छोड़कर वापस लौटेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर वापस लौटेंगे। देश के प्रधानमंत्री मोदी सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के न्योते पर आज ही दो दिन के सऊदी दौरे पर पहुंचे थे। उन्हें आज स्टेट डिनर में शामिल होना था और इसके बाद कल वो एमबीएस के साथ कई समझौते पर बात करने वाले थे, मगर कश्मीर में हुई घटना के बाद रात्रि डिनर भी नहीं किया और भारत वापस लौटने की तैयारी शुरू कर दी। माना जा रहा है कि बुधवार को मोदी वापस अपने देश लौटेंगे। सम्भवतः सीधा कश्मीर पहुंचेंगे और घटना स्थल का दौरा करेंगे।



## पीएम मोदी के निर्देश पर कश्मीर पहुंचे अमित शाह

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की और उन्हें उचित कदम उठाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री से घटनास्थल का दौरा करने को भी कहा है, जिसके बाद वे कश्मीर के पहुंच गए हैं। इस आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हो गई है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हो गई है। इस आतंकी हमले में कई लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। इस हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की और उनसे सभी उचित कदम उठाने को कहा है। इसके साथ प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री से घटनास्थल का दौरा करने को भी कहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने आपात बैठक बुलाई है। बैठक में कई शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के डीजीपी वर्चुअली इस बैठक से जुड़े थे। इस बैठक के बाद वे कश्मीर के लिए रवाना हुए हैं, उनके साथ जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद थे।



# गौ अभ्यारण्य लोकार्पण के साथ किया कृत्रिम गर्भाधान केंद्र व कृषक प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास

**▶ काऊ सेंचुरी में जुटे आधा दर्जन मोदी-योगी सरकार के मंत्री ▶ गौ संरक्षण में डॉ. बालियान के प्रयासों की हुई जमकर प्रशंसा**

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल(बु.)।** पुरकाजी के तुगलकपुर कम्हेड़ा स्थित काऊ सेंचुरी में मंगलवार को श्रीगोवर्धन गौ सेवा समिति द्वारा आयोजित गौ-अभ्यारण के लोकार्पण व कृत्रिम गर्भाधान और कृषक प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, अनिल कुमार, प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर, मीरापुर विधायक मिथलेश पाल, पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप पूर्व विधायक उमेश मलिक, डीएम उमेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। केंद्रीय पशुपालन राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह ने गौ अभ्यारण का लोकार्पण और कृत्रिम गर्भाधान व कृषक प्रशिक्षण केन्द्र का शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने देश की पहली और इतनी विशाल काऊ सेंचुरी को पर्यटन के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार काऊ सेंचुरी का निर्माण किया गया है, इसकी देख रेख उतनी ही अच्छे तरीके से रखना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि ये पूरे देश के लिए रोल मॉडल है। इनकी सेवा से परम सुख का अनुभव मिलता है। उन्होंने मंच से बोलते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि केंद्र और राज्य सरकार गौवंशों के रख-रखाव पर ही ध्यान दे रही बल्कि उनसे बछिया ही पैदा हो, उसके लिए कृत्रिम गभार्धान की व्यवस्था में तेजी लाई जा रही है। भविष्य में हम गाय के दूध से





बहुत सारी वस्तुओं का उत्पादन करेंगे। इतना ही नहीं भेड़, बकरी, सुअर, गधी के दूध के उत्पादन को लेकर भी हमारा फोकस है, क्योंकि गधी का दूध 16 सौ रुपए किलो गाजियाबाद में बिकता है, जिससे मुंह पर लगाने वाली क्रीम तैयार की जाती है। बघेल बोले कि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के सफल प्रयासों से आज उनका सपना साकार हुआ है, अब आगरा में काऊ सेंचुरी की तर्ज पर गौशाला बनाई जाएगी, जिससे किसानों की आय बढ़ाने के माध्यम और पिकनिक स्पॉट बनायें जाने के साथ साथ उन्नत किस्म के मधु मक्खी, मछली, मुर्गी, सुअर, बकरी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा। किसान को अब परम्परागत खेती को छोड़ना होगा, तभी उनकी आय में इजाफा हो सकता है। काऊ सेंचुरी में कई एकड़ जमीन खाली है, इसलिए यहां जैविक और औषधि खेती को जगह दिया जा बहुत जरूरी है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि ये राजनीति का स्वर्णिम युग है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी कर्मयोगी और मुख्यमंत्री योगी जन्म योगी हैं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। किसान अन्न पैदा करता है और कृषि जीवन जीने की दिशा दिखाता है। प्रदेश की गौशालाओं में साढ़े 13 लाख गौवंश संरक्षित किया गया है। इन पर हर रोज साढ़े आठ करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। चार आवारा गाय पालने वालों को छह हजार रुपए प्रति माह दे रहे है। नस्ल सुधार में अलग

शेष : पृष्ठ-4 पर

# लगातार बढ़ रहे अपराध : किसान से दो लाख और कॉस्मैटिक व्यापारी से एक लाख की लूट

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार से शुरू हुए लूट के सिलसिले को मुजफ्फरनगर पुलिस मंगलवार तक भी रोकने में नाकाम दिखाई दी। सिटी कोतवाली क्षेत्र में लुटेरों ने एकाएक दो घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली, जहां एक और कॉस्मेटिक व्यापारी से सवा लाख की लूट को लुटेरों ने अंजाम दिया, तो दूसरी ओर बैंक से निकल रहे किसान से दो लाख रुपए लूटे गए। रोहाना में कॉस्मेटिक का व्यापार करने वाले विनोद जैन की पत्नी को घर में घुसकर आतंकित कर डेढ़ लाख लूट लिए गए, जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा सजगता दिखाते हुए एक बदमाश को तो मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि दो भागने में सफल हो गए। दूसरी घटना में बदमाशों ने बैंक से नकदी निकालकर आ रहे ग्रामीण से दो लाख रुपए लूट लिए। अब ऐसे में पुलिस इस जानकारी जुटाने में लगी है कि इन दोनों घटनाओं में रोहाना की लूट में पकड़े गए बदमाश के साथियों ने अंजाम दिया है या नहीं। फिलहाल लूटपाट की घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच हुआ है।

### नगर के तीनों थानों को लुटेरों ने दी चुनौती पुलिस जांच में जुटी

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** पहले नई मंडी फिर सिविल लाइन और अब सिटी कोतवाली पुलिस को भी लुटेरों ने खुली चुनौती देकर ये तो साफ कर दिया कि पुलिस के इकबाल में कहीं ना कहीं कुछ कमी आई है। मंडी कोतवाली क्षेत्र में हुई खोई व्यापारी से लूट की घटना से अभी पर्दा भी नहीं उठा था कि बदमाशों ने उसके बाद सिविल लाइन क्षेत्र में महिलाओं से कुंडल लूट लिए और अब एकाएक सिटी कोतवाली क्षेत्र में दो लूट की घटना ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा रखा है।

### रोहाना पुलिस चौकी के पास बेखौफ बदमाश

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** कॉस्मेटिक व्यापारी विनोद जैन जैसे ही अपने प्रतिष्ठान को गए, तो घात लगाकर बैठे बदमाश घर में घुस गए और उनकी पत्नी अलका जैन को आतंकित कर लाखों रुपए लूट फरार हो गए। घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बदमाशों में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं था, क्योंकि लुटेरों ने कोतवाली की रोहाना चौकी के निकट ही लूट की घटना को अंजाम दिया।

### जंगल में कांबिंग के दौरान मिले तमंचे और कारतूस

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** रोहाना में घटना को अंजाम देकर भाग रहे तीन बदमाशों में से एक बदमाश को पीड़ित महिला के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने दबोचा लिया, जबकि दो बदमाश सैदपुर गांव के जंगल की तरफ भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों फरार बदमाशों की घेराबंदी के लिए कांबिंग शुरू की, तो पुलिस को जंगलों से एक बैग मिला, जिसमें से तमंचा व कारतूस बरामद किए गए।

### जब एक के बाद दूसरी लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** दूसरी घटना रोहाना से थोड़ा दूर घटित हुई, जहां मलीरा गांव निवासी महेश त्यागी बैंक से दो लाख रुपए कैश निकालकर घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने महेश को आतंकित कर दो लाख रुपए की नगदी लूट ली। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, आईपीएस राजेश घुनावत भी इस दौरान मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि लूट में शामिल बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## सुभाष नगर में दो युवकों के साथ कमरे में बंद मिली युवती

**हिन्दू युवती होने की सूचना पर हिन्दू संगठनों का हंगामा**

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब हिन्दू संगठनों को सूचना मिली कि एक मकान में दो मुस्लिम युवकों के साथ एक हिन्दू युवती मौजूद है। हिन्दू संगठन वहां पहुंचे और मकान के ऊपर



के कमरे से युवक-युवती को बाहर निकाला तो बाहर खड़े आक्रोशित क्षेत्रवासियों में कुछ महिलाओं ने मकान से बाहर निकली युवती के दुपट्टे को हटाने के लिए झपट्टा मारा, मगर मौके पर पहुंची पुलिस ने ऐसा करने से रोक दिया, जिसके बाद युवक व युवकों की आईडी ली गयी तो तीनों एक ही धर्म के निकले। जिस मकान से उक्त युवक युवती बाहर निकले उसमें नीचे के तल पर रेडीमेड कपड़े सिलाई का काम चल रहा था और ऊपर उक्त तीनों युवक युवती मौजूद थे। मामले को गर्म देखते हुए आनन फानन में पुलिस तीनों को थाने ले आई, जहां पुलिस को भी जांच के बाद पता चला कि उक्त युवती अस्पताल में नर्स का काम करती है और तीनों को बालिग होने के कारण छोड़ दिया गया है तथा तीनों एक ही वर्ग के पाए गए।

# गरीब के आशियाने में लगी आग लाखों का नुकसान

**■ ग्रामीणों ने एसडीएम जानसठ से की गरीब की मदद की मांग**







**भोपा, 22 अप्रैल (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव में दो घरो में पड़े छप्पर में आग लगने से दो मजदूरों को हुआ लाखों का नुकसान। छप्पर में बधी भैंस की जलकर मौत हो गई। घर में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ली जानकारी। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलड़ा निवासी राशिद पुत्र जमीर व जहांगीर पुत्र अशरफ का कच्चा मकान है तथा मकान के आगे छप्पर पड़ा हुआ है और जहांगीर ने अपने प्लॉट में झोपड़ी डाल रखी है। सुबह सवेरे पीड़ित अपने बच्चों व बीवी को साथ लेकर गेहूं काटने के लिए गया हुआ था। घर पर कोई नहीं था।दोपहर के समय अचानक से छप्पर में आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पीड़ित ने बताया कि छप्पर में एक पांच माह की गर्भवती भैंस बधी हुई थी, जिसकी जलकर मौके पर ही मौत हो गई। आग लगती देख मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। जंगल से ही धुआं दिखाई देने पर पीड़ित भी मौके पर पहुंचा गया। पीड़ित के पहुंचने से पहले ही पीड़ित का लाखों का नुकसान हो गया था। घर में रखा खाने-पीने का सामान, कपड़े जलकर राख हो गए। पीड़ित रशीद ने बताया कि घर पर छप्पर पड़ा हुआ था। सभी परिवार वाले गेहूं काटने के लिए गए हुए थे, जब उन्हें जंगल से ही धुआं दिखाई दिया, तो वह भाग खड़े हुए,

शेष : पृष्ठ-4 पर

डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, सेल्फ फाइनेंस्ड कोर्सेज, नरा
डॉ. मधु सिंघल एण्ड आचार्य सीताराम चतुर्वेदी, इंस्टीट्यूट ऑफ हायर ऐजूकेशन
नरा, NH-58, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

डॉ. मधु सिंघल एण्ड आचार्य सीताराम चतुर्वेदी
की पुण्य स्मृति में
निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर
सौजन्य से
लायंस क्लब, मुजफ्फरनगर
27/अप्रैल/2025 रविवार
सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक

Courses Offered
B.C.A. (Bachelor of Computer Application)
B.Com. (Bachelor of Commerce)
B.Sc. (Home Science)

डॉ. एम.के. बंसल — वरिष्ठ फिजिशियन, बंसल नर्सिंग होम
डॉ. मनोज गुप्ता — पूर्व कैंसर रोग विशेषज्ञ, एम्स, ऋषिकेश
डॉ. शिशिर कुमार — वरिष्ठ फिजिशियन
डॉ. रोहित गोयल — नेत्र रोग विशेषज्ञ, आईक्यू हॉस्पिटल
डॉ. विकास सिंघल — वरिष्ठ सर्जन, मेदान्ता मेडिसिटी, गुरुग्राम
डॉ. हेमी सिंघल — मधुमेह रोग विशेषज्ञ, मैक्स हॉस्पिटल, गुड़गांव
डॉ. दीपक तोमर — डी.एम. कार्डियोलॉजिस्ट, एस.के.पी. आरोग्यम
डॉ. विशाल धीमान — फिजियोथेरेपिस्ट

स्थान : डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, सेल्फ फाइनेंस्ड कोर्सेज, डॉ. मधु सिंघल एण्ड आचार्य सीताराम चतुर्वेदी, इंस्टीट्यूट ऑफ हायर ऐजूकेशन, नरा, मेरठ रोड, बिजलीघर के सामने।
निःशुल्क ब्लड शुगर, ईसीजी, चेस्ट एक्स-रे, फेफड़ों का पीएफटी लीवर फाइब्रो स्कैन (Fibro Scan) एवं दवाइयां



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री की सऊदी अरब यात्रा

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमन्त्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंच गये। प्रधानमन्त्री का स्वागत 21 तोपों की सलामी के साथ किया गया। भारत में वक्फ कानून की चर्चाओं के बीच प्रधानमन्त्री की यह यात्रा चर्चाओं में है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री एचआरएच प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ अपनी यात्रा के दौरान भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी नेताओं की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमन्त्री की यह सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी। इससे पहले वह साल 2016 और 2019 में भी सऊदी दौरे पर गए थे। पीएम मोदी ऐसे समय में सऊदी की यात्रा पर हैं, जब वक्फ बोर्ड में बदलावों का कुछ मुस्लिम संगठन विरोध कर रहे हैं। ऐसे में क्या क्राउन प्रिंस से मुलाकात के दौरान दोनों वक्फ बिल पर भी चर्चा करेंगे। इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जवाब देते हुए कहा कि मैंने नहीं देखा है कि सऊदी अरब ने आधिकारिक तौर पर या किसी भी सरकारी विभाग ने इस मुद्दे को उठाया हो। इसको लेकर मैं बहुत आश्वस्त नहीं हूं कि यह मुद्दा दोनों की बातचीत में क्यों आएगा? यह साफ है कि वक्फ का मुद्दा इस्लामिक देशों के लिए ज्यादा अहमियत नहीं रखता। सऊदी अरब और अन्य कई अरब देश इस समय भारत के अच्छे-खासे दोस्त बन चुके हैं। प्रधानमन्त्री मोदी की विचारधारा अरब के इस्लामिक देशों से संबंध बढ़ाने में आड़े नहीं आई है। इसका एक कारण यह भी है कि इन देशों में राजशाही है और लोगों के पास विरोध-प्रदर्शन का अधिकार नहीं है। सऊदी अरब ने भारत में वक्फ संशोधन कानून पर जारी विवाद को लेकर सार्वजनिक रूप से अब तक कुछ भी नहीं कहा है। सऊदी अरब ऐसे भी किसी देश के आंतरिक मसअलों पर टिप्पणी करने से परहेज करता है। सऊदी अरब के दबदबे वाले इस्लामिक देशों का संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन यानी ओआईसी, भारत के मुसलमानों को लेकर आवाज उठाता रहा है, लेकिन वक्फ को लेकर ओआईसी ने भी अभी तक कुछ नहीं कहा है। फरवरी 2019 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भारत के दौरे पर आए थे। क्राउन प्रिंस नयी दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुँचे, तो उनकी अगवानी में भारतीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी खड़े थे। क्राउन प्रिंस तब सऊदी अरब के प्रधानमन्त्री भी नहीं बने थे। इसी दौरे में नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में सऊदी क्राउन प्रिंस ने कहा था, हम दोनों भाई हैं। प्रधानमन्त्री मोदी मेरे बड़े भाई हैं, मैं उनका छोटा भाई हूँ और उनकी प्रशंसा करता हूँ। अरब प्रायद्वीप से भारत का संबंध हजारों साल पुराना है। यहाँ तक कि इतिहास लिखे जाने से पहले से, अरब प्रायद्वीप और भारत के बीच का संबंध हमारे डीएनए में है। भारत के सऊदी के साथ रिश्ते बहुत पुराने हैं, पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में प्रगाढ़ता आई है। अरब देश दुनिया के उन क्षेत्रों में शामिल हैं, जिनके पास तेल, ऊर्जा और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है। पिछले दो वर्षों में 80 सऊदी नौसैनिकों को भारत में ट्रेनिंग दी गई और दोनों देश समुद्री व्यापार मार्गों और वैश्विक चैक प्वाइंट्स की सुरक्षा भी मिलकर कर रहे हैं। भारत और सऊदी अरब में हाल के वर्षों में रक्षा सहयोग तेजी से बढ़ा है। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण और रक्षा व्यापार बढ़ रहा है। दोनों की रक्षा साझेदारी में बड़ा घटनाक्रम बीते साल देखने को मिला, जब दोनों देशों के बीच पहली बार संयुक्त थल सेना अभ्यास हुआ। दोनों देशों की नौसेना के भी दो संयुक्त अभ्यास हो चुके हैं। प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर भी नियमित रूप से दोनों मुल्कों में बातचीत हो रही है। भारत बीते कुछ समय से सऊदी अरब की रक्षा सामग्री का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता बनकर उभर रहा है। सऊदी अरब में 25 लाख से भी अधिक भारतीय काम करते हैं। सऊदी अरब को भारत से न केवल तकनीकी पेशेवर लोगों की सेवाओं की जरूरत है, बल्कि उन्हें कुशल श्रमिकों की भी जरूरत पड़ती है। भारत अपने नागरिकों के हितों को भी देखता है। सऊदी अरब भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत, सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सऊदी अरब से भारत का आयात 31.42 बिलियन अमेरिकी डालर तक पहुंच गया और सऊदी अरब को निर्यात 11.56 बिलियन अमेरिकी डालर का था, 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 42.98 बिलियन अमेरिकी डालर था, जिसमें भारतीय निर्यात 11.56 बिलियन अमेरिकी डालर और आयात 31.42 बिलियन अमेरिकी डालर था। भारत से सऊदी अरब को निर्यात की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में इंजीनियरिंग सामान, चावल, पैट्रोलियम उत्पादन, रसायन, वस्त्र, खाद्य उत्पाद, सिरेमिक टाइलें शामिल हैं, जबकि भारत के लिए सऊदी अरब से आयात की जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कच्चा तेल, एलपीजी, उर्वरक, रसायन, प्लास्टिक और इसके उत्पाद आदि हैं। सऊदी अरब 2023-24 के लिए भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल और पैट्रोलियम उत्पाद सोर्सिंग गंतव्य बना रहा। सबसे बड़ी बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ हिन्द महासागर में सभी के हितों की रक्षा के लिए दोनों देशों के विचार समान हैं। कई अरब देश प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। भारत और सऊदी के बीच प्रगाढ़ता को लेकर पाकिस्तान परेशान है, क्योंकि भारत की भूमिका बढ़ने से पाकिस्तान की क्षेत्रीय भूमिका लगातार सिमट रही है। अपनी यात्रा से पहले प्रधानमन्त्री मोदी ने सऊदी मीडिया आउटलेट अरब न्यूज को एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने सऊदी अरब को भरोसेमंद दोस्त और रणनीतिक सहयोगी बताया है। सऊदी और भारत के बीच संबंधों को लेकर पीएम मोदी ने कहा, हमारा संबंध नया नहीं है। यह सदियों पुराना है। विचारों से लेकर व्यापार तक, हमारे दो महान देशों के बीच निरंतर प्रवाह रहा है। उन्होंने कहा कि यह तो बस शुरूआत है। हमारी साझेदारी में असीम संभावनाएं हैं। अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में हमारा रिश्ता स्थिरता के स्तंभ के रूप में मजबूती से खड़ा है। इस दौरे को अहम बताते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सऊदी अरब से भारत की ऊर्जा सुरक्षा जुड़ी है और यूएई के बाद सऊदी अरब दूसरे नंबर पर है, जहां सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी कामगार रहते हैं। सऊदी अरब इस्लामिक दुनिया की मजबूत आवाज है और साथ ही वैश्विक राजनीति में उसकी अपनी खास अहमियत है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'इतराना' 'समझाना' 'मूरखता' 'चमकाना'

बे सिर पैर की बातें करना और फिर उन पर इतराना।<br>
ऐसे नेता को मुश्किल है सच्ची बातें समझाना।।<br>
भारत में तो मूरखता की दौड़ में सबसे आगे है,<br>
अब तो दुनिया भर में जाकर नाम करे है चमकाना।


सप्तम पुण्यतिथि



श्रद्धेय स्व. श्री लक्ष्मीचंद सिंघल जी

पूर्व चेयरमैन, नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

सप्तम पुण्यतिथि पर हम सभी अपने अश्रुपूरित नेत्रों एवं द्रवित हृदय से आपको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आपका संघर्ष, आपके आदर्श, आपकी कर्मनिष्ठा सदैव ही हमारे प्रकाश स्तम्भ एवं प्रेरणास्रोत रहेंगे।

श्रद्धा-सुमन

सुमन-सिंघल (पत्नी)

सी.ए. मोहित सिंघल-प्रीति सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)

माणिक सिंघल-शिवाली सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)

मोनिका अग्रवाल-डॉ. आशीष अग्रवाल (पुत्री-दामाद)

तूलिका गर्ग-प्रवीण गर्ग (पुत्री-दामाद)

संजय सिंघल, अमित सिंघल, नितिन सिंघल (भतीजे)

एवं समस्त सिंघल परिवार

:- निवास :-

116-ए, दक्षिणी भोपा रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

M. 8650403000, 9810604552, 9818299949


## चैकिंग के दौरान लगाया अभद्रता कर चांटा मारने का आरोप

भोपा, 22 अप्रैल (बु.)। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने ककरौली थाने के एक दरोगा पर उसके साथ अभद्रता करने व चांटा मारने का आरोप लगाया है। चांटा लगने वाला युवक भाकियू तोमर के युवा जिलाध्यक्ष का बहुत करीबी है। युवक का कहना है कि सोमवार शाम ककरौली पुलिस जटवाड़ा चौकी गंगनहर पुल पर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। वह अपनी बाइक से उधर से गुजर रहा था। उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस सहित अपनी बाइक के पूरे सभी कागजात थे। पुलिस ने चैकिंग के लिए उसे भी रोका। युवक का आरोप है कि चैकिंग के दौरान जटवाड़ा चौकी प्रभारी ने उसके साथ अभद्रता की। अभद्रता करने पर वह अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। आरोप है कि उसे वीडियो बनाता देख चौकी प्रभारी ने उसके गाल पर एक जोरदार तमाचा जड़ दिया, जिससे नाराज होकर उसने मंगलवार को दरोगा द्वारा की गई अभद्रता की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी तथा भाकियू तोमर के उच्च पदाधिकारियों से दरोगा की शिकायत की। भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने बताया कि ककरौली पुलिस के क्षेत्र के आमजन के प्रति खराब रवैये तथा यूनियन से जुड़े एक युवक के साथ जटवाड़ा चौकी प्रभारी के द्वारा की गई अभद्रता को लेकर 26 अप्रैल को जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी के नेतृत्व में थाना ककरौली में धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

## बागोवाली में दो गौ तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़

मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)। नई मंडी कोतवाली पुलिस की गांव बागोवाली के पास गौ तस्करों के साथ मुठभेड़ हुई। पुलिस मुठभेड़ में एक गौ तस्कर को गोली लगी, जबकि उसके चार साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पकड़े गए गौ तस्कर से एक कार व तमंचा बरामद किया है। गौ तस्करों की कार में दो कुंतल से अधिक गोमांस भरा हुआ था। पुलिस फरार चारों गौ तस्करों की तलाश कर रही है। मंगलवार दोपहर नई मंडी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि हाइवे पर एक गाड़ी में गौ तस्कर गोमांस लेकर जा रहे हैं तभी नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने पुलिस टीम को साथ लेकर बागोवाली गांव के निकट पहुंचे और गौ तस्करों को घेरने का प्रयास किया, तो घेराबंदी के दौरान गौतस्तरों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली से एक एक गौ तस्कर मो. अजहर निवासी ककरौली, हाल निवासी बझेड़ी घायल हो गया तथा उसके चार साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस को कार से दो कुंतल से अधिक गौमांस बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार गौ तस्कर से एक तमंचा व कारतूस भी बरामद किये हैं। गौ तस्कर गौमांस को सप्लाई करने के लिए जा रहे थे। पुलिस फरार गौ तस्करों की तलाश में दबिश दे रही है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवा दिया है।



## विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर की आत्महत्या

बुढ़ाना, 22 अप्रैल (बु.)। एक विवाहिता ने अपनी ससुराल में ही गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मृतका की ससुराल में सन्नाटा छाया हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी शिवम सैनी पुत्र शिव कुमार की शादी पिछले वर्ष जनपद शामली की कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर में काजल सैनी नाम की एक युवती से हुआ था। बीते 5 दिन पूर्व बुढ़ाना पुलिस ने विवाहिता के ससुर शिव कुमार को एक मामले में जेल भेज दिया था, जिसको लेकर घर में खटपट रहती थी। विवाहिता बीमार भी चल रही थी। आज मंगलवार के दिन शिवम अपने खेतों में गेंहू कटवाने गया था तो उसकी गैर मौजूदगी का फायदा उठाते हुए उसकी पत्नी ने मौका पाकर घर के अंदर छत के पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब लगा, जब एक पड़ोसन काजल के पास कुछ काम से गयी, तो उसने शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए लोगों ने इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी, तो पुलिस ने मौके पर शिवम से घटना की जानकारी लेकर इसकी सूचना मृतका के परिजनों को दी, तो परिजनों ने मौके पर आकर हंगामा कर अपनी पुत्री की हत्या का आरोप उसके पति व उसके अन्य परिजनों पर लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी थी, वहीं बुढ़ाना सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर उस कमरे का निरीक्षण किया, जिसमें विवाहिता ने फांसी लगाई।



## अवैध कब्जा हटवाने को लेकर भारतीय अति पिछड़ा संघर्ष मोर्चा ने की बैठक

भोपा, 22 अप्रैल (बु.)। शुकतीर्थ में ग्राम प्रधान की जमीन पर दबंगों द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जे का मामला गर्मा गया है। दबंगों द्वारा ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी देने व मंगलवार को मौके पर पहुंचने की धमकी दी गई थी, जिसके बाद शुकतीर्थ गंगा घाट पर भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग प्रशासन से की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने बताया कि दबंगों ने शुकतीर्थ के प्रधान राजपाल सैनी की जमीन पर कुछ दबंग लोग कब्जा करना चाहते है, जिन्होंने फोन कर ग्राम प्रधान राजपाल सैनी को धमकी दी थी कि मंगलवार को सैकड़ों गुंडे लेकर आएंगे तथा जमीन पर भी कब्जा करेंगे। भाजपा सरकार में अति पिछड़ों की जमीनों पर दबंगों द्वारा कब्जे किए जा रहे हैं। दबंग लोगों को किसी भी कीमत पर अति पिछड़ों का शोषण करने नहीं दिया जायेगा। अगर प्रशासन ने मिलीभगत कर दबंगों का साथ दिया, तो किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। कोई अगर उनकी जमीन को हड़पने की कोशिश करेगा, तो ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। दबंगों द्वारा दिये गये समयानुसार मौके पर प्रधान राजपाल सैनी के साथ सैकड़ों लोग मौके पर इकट्ठा हो गये। इस मौके पर रणवीर सिंह सैनी, उपाध्यक्ष राकेश वालिया, विजयपाल, रजत प्रजापति, यश सैनी, कृष्णपाल प्रधान, राहुल सैनी, सतीश पाल, विनोद कश्यप, मनोज पाल, राकेश सैनी, रविन्द्र, भोपाल, नितिन सैनी आदि मौजूद रहे।

### सात का हुआ शांतिभंग में चालान

शाहपुर, 22 अप्रैल (बु.)। थाना पुलिस ने एक पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद सात आरोपियों का शांति भंग में चालान किया है। कस्बे के बुढ़ाना रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने के साथ मारपीट हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के बाद एक पक्ष के गांव सोरम निवासी मौ. यूनुस व दाऊद तथा दूसरे पक्ष के गांव पलड़ा निवासी सलीम, जीशान, जावेद, हसीन व सावेज को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए लड़-झगड़कर शांति व्यवस्था भंग करने में चालान किया है।

## अज्ञात युवकों ने मारपीट कर घायल किया

शाहपुर, 22 अप्रैल (बु.)। अपने घर वापस लौट रहे एक युवक से अज्ञात तीन चार युवकों ने मारपीट की। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कस्बे के मौहल्ला गोकुलपुर निवासी लेखराज पुत्र अतर सिंह बस स्टैंड के पास फूल आदि बेचने का कार्य करता है। उसने बताया कि वह 19 अप्रैल की रात्रि को अपने घर जा रहा था, जब वह मंदिर के पास पहुंचा, तो वहां पहले से ही मौजूद तीन-चार अज्ञात युवकों ने हमला बोलकर उसके साथ मारपीट की। वह कुछ समझ पाता इससे पूर्व ही मारपीट करने वाले आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसके साथ युवकों ने अकारण ही मारपीट की है। पीड़ित युवक ने बताया कि उसने नगर पंचायत कार्यालय से सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी निकलवाई है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## राकेश टिकैत को बिरसा मुंडा के परिवार से आया निमंत्रण

मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को महान बिरसा मुंडा के परिवार से निमंत्रण मिला है। उन्हें जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए चल रहे आंदोलन में इस परिवार का साथ मिला और परिवार के वंशज ने उनके आवास पर पहुंचकर बिरसा मुण्डा बलिदान दिवस पर किसान नेता को आमंत्रित किया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज के रूप में उनके पौत्र बुद्धराम मुंडा विगत दिवस मुजफ्फरनगर स्थित सरकुलर रोड पर भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के आवास पर पहुंचे। यहां राकेश टिकैत ने अपने परिवार व यूनियन पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान बुद्धराम मुंडा ने राकेश टिकैत को भगवान बिरसा मुंडा के 125वें बलिदान दिवस पर झारखण्ड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार की ओर से निमंत्रण पत्र दिया। इस दौरान बुद्धराम के साथ किसान नेता राकेश टिकैत ने किसानों एवं मजदूरों के साथ ही आदिवासियों के हितों और उनसे जुड़े विषयों के साथ जल, जंगल और जमीन बचाने की मुहिम को लेकर चर्चा की। इस दौरान अपने आवास पर उन्होंने बिरसा मुंडा के वंशज को किसान भवन सिसौली का किसान-गौरव सम्मान प्रतीक चित्र भेंट करते हुए अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और किसान व मजदूरों के हितों के लिए संयुक्त रूप से इस लड़ाई को लड़ने का प्रण लिया।

## एसडी पब्लिक स्कूल (सीनियर विंग) में अर्थ-डे वीक का भव्य आयोजन

### - -पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर संगम

मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बुस.)। पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और छात्रों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने हेतु एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के प्रागंण में पूरे सप्ताह चलने वाला अर्थ-डे वीक बड़े ही उत्साह और उद्देश्य पूर्ण ढंग से मनाया गया। इस विशेष सप्ताह में प्रतिदिन रचनात्मक, शैक्षणिक और जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनमें कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सप्ताहभर की गतिविधियों में शामिल थे- पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता-जहाँ छात्रों ने अपने रंगों में पर्यावरणीय संदेश जन-जन तक पहुँचाया, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता-जहाँ छात्रों ने व्यर्थ चीजों से सुंदर उपयोगी वस्तुएँ बनायी, स्लोगन लेखन ग्रीन मार्च-जिसमें छात्रों ने हाथों में ताख्तियाँ लेकर पर्यावरण की चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया। पर्यावरण जागरूकता क्विज जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस सप्ताह की एक विशेष उपलब्धि रही, गोकुलसिटी में 50 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण किया गया, जिसे एसडी पब्लिक स्कूल के इको क्लब के सदस्यों और बच्चों द्वारा मिलकर सम्पन्न किया गया। इस अभियान में हरित भविष्य के संकल्प को मूर्तरूप देकर स्थानीय समाज में भी पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत की। सप्ताह भर चली इन गतिविधियों का समापन एक भव्य आयोजन के साथ हुआ, जिसका आयोजन विद्यालय के सीनियर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नृत्य, समूहगान की प्रस्तुति दी, जिसने सभी श्रोताओं के मन को छू लिया। छात्रों ने भावनात्मक व सशक्त अभिनय से नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर समाज को झकझोर ने वाला संदेश दिया। प्रकृति को बचाना है तो अब जागना होगा। इस अवसर पर एक छात्रा द्वारा एक उत्कृष्ट भाषण दिया गया, जिसमें उसने भावनात्मक और तार्किक रूप से यह बताया कि अगर हम आज नहीं जागे तो कल का भविष्य संकट में पड़ जाएगा। ईको क्लब के संचिव शशिकांत शर्मा, भारती सिंह व गीता मित्तल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा प्रकृति हमारी धरोहर है और उसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य। बच्चों के प्रयासों में न केवल रचनात्मकता थी, बल्कि एक जागरूक नागरिक की झलक भी थी। इस अवसर पर छात्रों द्वारा पृथ्वी दिवस पर एक डाक्यूमेंटरी भी बनायी गयी। छात्रों का उत्साह देखकर विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने अपने स्नेहिल शब्दों में कहा आज के छात्र यदि पर्यावरण के प्रति सजग हो जाएँ, तो आने वाला कल सुरक्षित होगा। अर्थ-डे वीक केवल गतिविधियों का आयोजन नहीं, बल्कि छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का एक बीजारोपण है। बच्चों ने जिस संवेदनाशीलता और समर्पण से भाग लिया, वह प्रशंसनीय है। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि धरती हमारी माँ है, और इसकी रक्षा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी। अर्थ डे केवल एक दिवस नहीं बल्कि एक चेतना है जोह में हमारी जीवन शैली पर विचार करने को प्रेरित करती है। आज जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ हमारे विद्यार्थियों ने भाग लिया वह यह दर्शाता है कि भविष्य जागरूक और संवेदनशील हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने आगे कहा कि सप्ताह भर की गतिविधियां आपस में इस तरह गुथीं रही कि हर दिन एक नया संदेश और नया संकल्प लेकर आया। यह आयोजन वास्तव में पर्यावरण से जुड़ाव की सजीव मिसाल बन गया। विद्यार्थियों की सहभागिता और शिक्षकों का मार्गदर्शन वास्तव में सराहनीय है, जहाँ शिक्षा, प्रकृति और संवेदनशीलता एक साथ पनपते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में एक्टिविटी इंचार्ज प्रियंका सचदेवा, सुप्रीत कौर, रीतु सैनी और मनीषा तोमर का पूर्ण सहयोग रहा।




## तालाब की सफाई न होने पर ग्रामीणों में रोष

भोपा, 22 अप्रैल (बु.)। गांव दरियापुर में तालाब की सफाई न होने से ग्रामीणों में हुआ रोष व्याप्त। तालाब की सफाई कराने की मांग करते हुए मंगलवार को ग्रामीणों ने गांव में ही किया प्रदर्शन। तालाब में अधिक दलदल होने से ग्रामीणों ने किसी बड़ी अनहोनी की आशंका जताते हुए तालाब के सफाई कराने की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी अरुण चेयरमैन, ककरौली वी-पैक्स उपसभापति नीरज, सुरेंद्र, बनारसी, सतीश, मुकेश, पवन, सुरेशपाल, सतवीर ने बताया कि गांव स्थित तालाब में बहुत ज्यादा मात्रा में सिल्ट जमने से तालाब में दलदल हो गई है, जिससे गांव की नालियों का पानी तालाब में नहीं पहुंच पा रहा है, जिसकी वजह से नालियां ओवरफ्लो होने से गन्दा पानी गांव के रास्तों में बह रहा है। सफाई न होने से तालाब में कचरा, गंदगी और अन्य अपशिष्ट जमा हो गए हैं, जिससे पानी दूषित हो गया है, जिसकी वजह से गांव में संक्रमित बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। तालाब में गंदगी से मच्छर और अन्य कीट आकर्षित होकर बीमारियां फैला रहे हैं। तालाब की साफ-सफाई न होने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। मंगलवार को गुस्साए ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन कर प्रशासन से तालाब की सफाई कराने की मांग की है।



## अपनी मांगों को लेकर घेरी सेवानिवृत्त कर्मियों ने कलेक्ट्रेट

### - सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पांच मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)। सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने फाइनेंशियल बिल-2025 में प्रस्तावित किए पेंशनरी नियमों में बदलाव के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन एवं शिक्षक महासंघ के बैनर तले संपन्न धरने में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लेते हुए केंद्र सरकार पर सभी सेवानिवृत्त पेंशन धारकों के हितों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए इन पेंशनरी नियमों में बदलाव वापस लेने की मांग की। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में अपनी मांगों को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पर धरना देते हुए अपनी 5 प्रमुख मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित फाइनेंशियल बिल-2025 से पेंशनरी नियमों में ऐसे संशोधन किए जा रहे हैं, जो सेवानिवृत्त पेंशनधारकों के लिए हितकारी हों। उन्होंने ज्ञापन में विशेष रूप से चिंता इस बात को लेकर व्यक्त की है कि 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की पेंशन का पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा।

इसके अलावा, 8वें वेतन आयोग की घोषणा के बावजूद अब तक उसे लागू करने की दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे पेंशनधारकों में असंतोष व्याप्त है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कर्मियों के लिए महंगाई भत्ते का आदेश जारी कर दिया गया था, लेकिन पेंशनरों के लिए महंगाई राहत का आदेश 10 दिन बाद जारी किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने इस बीच मांग की कि फाइनेंशियल बिल 2025 में प्रस्तावित पेंशन नियमों में बदलाव को तुरंत वापस लिया जाए। वहीं 8वें वेतन आयोग की कार्यवाही को शीघ्र पूरा किया जाए। इसके अलावा पेंशन पुनरीक्षण की तिथि कर्मचारियों और पेंशनरों दोनों के लिए समान रखी जाने, महंगाई राहत और महंगाई भत्ते को डी-लिंक न किए जाने, पेंशनरों के आदेश उसी दिन जारी हों जिस दिन सभी कर्मचारियों के होते हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गई, तो वे राज्य व केंद्र स्तर पर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राज पाल शर्मा, भोपाल सिंह, अशोक शर्मा, महक सिंह समेत सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल रहे।


आवश्यकता है

एक लड़की

की जिसे

कम्प्यूटर में

MIS एवं BASIC

की जानकारी हो।

M.9837958958, 8954155255

निकट DPS SCHOOL, वाईपास जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश (251001)


## कॉलेज के सामने बार खोलने पर हिन्दूवादी संगठनों ने किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)। जनपद में धार्मिक स्थलों व शिक्षण संस्थाओं के आसपास शराब की दुकानों व बार लाइसेंस दिए जाने के विरोध में मंगलवार को भोपा रोड कॉलेज के सामने बार का लाइसेंस दिये जाने के विरोध में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षण संस्थाओं के पास बार बनाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा जारी लाइसेंस के विरोध में संयुक्त हिंदू मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को कचहरी में प्रदर्शन करते हुए डीएम के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। उक्त ज्ञापन में बताया कि भोपा रोड पर स्थित मैनेजमेंट कॉलेज के सामने बीते दिनों एक बार का लाइसेंस दिया गया है, जिस स्थान पर ये बार खोली गई वहां सनातन धर्म की कई शिक्षण संस्थाएं हैं जिनमें मुख्य रूप से कॉलेज एवं गांधी पॉलिटेक्निक शामिल है, जिनमें हजारों छात्र- छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी, शिव सेना प्रदेश महासचिव डॉ. योगेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी जैसे महान संत हों उस राज्य के किसी शिक्षण संस्था के निकट शराब की दुकान का खोला जाना बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने इस बार के लाइसेंस को निरस्त करने के साथ इसको हटवाने की मांग करते हुए कहा कि यदि ये नहीं हुआ तो संगठन इसके खिलाफ आंदोलन करेगा और मंत्रियों का घेराव किया जायेगा। इस दौरान लोकेश सैनी व बिट्टू सिखेड़ा ने कहा कि बार खुलने से जनपद के गणमान्य व्यक्तियों में गहरा रोष है और इससे छात्र छात्राओं के बहकने की भी संभावनाएं हैं। इस दौरान मुख्य रूप से राजेश कश्यप, अमरीश त्यागी, जितेंद्र गोस्वामी, आशीष शर्मा, गौतम कुमार, आशीष शर्मा, रविंद्र सैनी, सनी बत्रा, जितेंद्र गोस्वामी, गोपी वर्मा, रविंद्र शर्मा, सचिन कपूर, प्रदीप कोरी आदि उपस्थित रहे।




आवश्यकता है

होटल / बैंकट हॉल के लिए

एक मैनेजर, स्वीपर, हैल्पर, एवं वेटर की। इच्छुक अभ्यर्थी मिलें या सम्पर्क करें।

M.9457475242

होटल सिल्वर स्पून

विश्वकर्मा चौक, नियर इटालियन पिज्जा, मुजफ्फरनगर 251001


## एक यूनिट कम देने पर उपभोक्ताओं ने राशन डीलर का किया घेराव, तौल बंद करवाई

बुढ़ाना, 22 अप्रैल (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर के एक राशन डीलर का मंगलवार के दिन राशन घटतौली का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो के वायरल होने पर गांव मदीनपुर खिजरपुर के साथ ही गांव सुल्तानपुर के सभी ग्रामीणों ने राशन डीलर की जांच किए जाने की मांग संबंधित अधिकारियों से की है। इस 36 सेकेंड के वीडियो में पता लग रहा है कि उक्त राशन डीलर से राशन कार्ड धारक राशन ले रहे हैं, जब राशन कम तौलने की बात कही जाती है, तो राशन डीलर कहता है कि ऊपर से ही राशन कम आ रहा है। राशन डीलर के घटतौली के खिलाफ ग्रामीणों ने आज विरोध प्रदर्शन भी किया। आरोप है कि राशन डीलर लोगों को पूरा राशन नहीं दे रहा है व यूनिट में कटौती कर राशन बांट रहा है। इस संदर्भ में बीते दिनों इस राशन डीलर की शिकायत संबंधित विभाग में देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। इस राशन डीलर की मनमानी से लोग परेशान हैं। लोग आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। ज्यादातर लोगों का कहना है कि डीलर हर परिवार के 2 से 3 किलो राशन में कटौती कर रहा है, जब डीलर से कम राशन देने के बारे में पूछा जाता है, तो कहा जाता है कि अगली बार मत आना और गाली गलौज करता है। काफी लोग कम राशन लेकर ही घर को लौट जाते हैं।



## अंडरग्राउंड पाइपलाइन फटी, बह रहा है पानी

बुढ़ाना, 22 अप्रैल (बु.)। ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई जा रही पानी की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन के कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है, जिसमें आज मंगलवार के दिन जौला ग्रामवासियों ने खुला आरोप लगाया है कि गांव जौला में कांधला रोड पर स्थित शिक्षण संस्था जैन इंटर कॉलेज के पीछे वाली कॉलोनी में कई जगह पाइप लाइन फटी हुई है, जिसके कारण इंटरलॉकिंग सीसी सड़क बैठ गई है। ग्रामीणों ने बार-बार उक्त अधिकारियों को अवगत भी कराया है कि इस ओर ध्यान दिया जाए लेकिन कोई भी आवश्यक कदम नहीं उठाया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों के द्वारा बार बार सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। क्या अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे?

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्र भागवत कथा हुई प्रारम्भ

मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बुस.)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रवाल अग्र भागवत कलश यात्रा का शुभारंभ अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में शिव मंदिर लक्ष्मण विहार से प्रारंभ होकर आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल पर समाप्त हुई, जिसमें कथा व्यास श्री श्री 108 महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी जी महाराज के गौरव मुख से अग्र सेन जी की कथा का प्रवचन प्रारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि पधारे पूर्व विधायक अशोक कंसल, भाजपा नेता श्री मोहन तायल, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, प्रमोद मित्तल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनोद संगल, जिला अध्यक्ष अंकुर गर्ग, जिला महामंत्री टोनी बिंदल, कोषाध्यक्ष विश्वदीप गोयल युवा प्रदेश अध्यक्ष, रेणु गर्ग प्रदेश अध्यक्ष, ममता अग्रवाल प्रदेश महामंत्री महिला, नीति अग्रवाल जिलाध्यक्ष महिला ने महालक्ष्मी के सुंदर रूप में कन्या का पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर लोकेश चंद्रा, बीएम गुप्ता, शिशुकांत एडवोकेट, अरुण गोयल, शिव कुमार संगल, शशि राज गुप्ता आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।।






## 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से नई गौशाला बनाने की घोषणा

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने एक नए प्रस्ताव पर नई गौशाला निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि जल्द ही राज्यमंत्री के आग्रह से 1 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से एक नई गौशाला का निर्माण किया जाएगा।































## बैलगाड़ी में काऊ सेंचुरी में अतिथियों ने लिया आनंद

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री की पहल पर पुरकाजी ब्लॉक के तुगलकपुर कम्हेड़ा गांव में करीब 43 एकड़ भूमि पर करीब 63 करोड़ की गौ अभ्यारण की सफलता में श्री गोवर्धन गौ सेवा समिति द्वारा संपन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, योगी सरकार में पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह एवं अतिथियों का काऊ सेंचुरी में पधारने पर भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व यहां पहुंचे केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल एवं प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह समेत अन्य मंत्रियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ काऊ सेंचुरी परिसर में आधुनिक तरीके से बनाई बैलगाड़ी में बैठकर गौ अभ्यारण क्षेत्र में बने हुए शेडों का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिथियों ने छोटे बछड़ों के साथ गौवंशीय पशुओं को अपने हाथों से पुचकारा और सहलाया। इस दौरान श्री गोवर्धन गौ सेवा समिति के अध्यक्ष कुश पुरी एवं मुख्य ट्रस्टी भीम कंसल आदि ने उन्हें गौ अभ्यारण से जुड़ी जानकारी दी।



## काऊ सेंचुरी बनाने से अधिक संचालन बड़ी जिम्मेदारी: डॉ. संजीव बालियान

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** ग्राम तुगलकपुर कम्हेड़ा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि काऊ सेंचुरी बनाना जितना कठिन था उससे भी अधिक कठिन इसका संचालन करना था। उन्होंने श्री गोवर्धन गौ सेवा समिति से जुड़े मुजफ्फरनगर के सभी उद्यमियों आजीवन सदस्यों एवं पदाधिकारी का धन्यवाद दिया जो लगातार अपना समय देकर इसका संचालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान एवं कृषक प्रशिक्षण केंद्र बनने के बाद यहां तीन महीने का प्रशिक्षण किसानों के साथ युवाओं को बिल्कुल निःशुल्क दिया जाएगा, ताकि जनपद का युवा रोजगार के साथ अपने परिवार के लिए मददगार साबित हो और वह पशुपालन में डेयरी संचालन के संबंध में प्रशिक्षित होकर लाभप्रद कार्य कर सकेंगे।




## काऊ सेंचुरी निर्माण से बदली जिले की दशा व दिशा: अनिल

**मुजफ्फरनगर,** 22 अप्रैल पुरकाजी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि काऊ सेंचुरी के निर्माण से जनपद की दशा और दिशा बदलने का काम किया गया है, जिसके लिए मैं डॉ. संजीव बालियान को हृदय से धन्यवाद देता हूं कि पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र में उनके द्वारा काऊ सेंचुरी का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि निराश्रित पशुओं की समस्या इसके संचालन के बाद से जनपद में काफी हद तक दूर हो गई है और 5000 पशुओं की क्षमता वाली इस काऊ सेंचुरी में अभी और पशु आएंगे तो उक्त समस्या पूरी तरह से दूर होगी। उन्होंने लोगों से भी काऊ सेंचुरी संचालन में भविष्य में सहयोग देने की अपील की।

## जनपद के प्रभारी मंत्री ने टीम बालियान के प्रयासों को सराहा

**मुजफ्फरनगर।** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने मुजफ्फरनगर में 63 करोड़ रुपए से काऊ सेंचुरी के निर्माण होने और करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से कृत्रिम गभार्धान केंद्र एवं कृषक प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास होने पर खुशी जताते हुए कहा कि इसके लिए टीम बालियान बधाई की पात्र है। देश में पहली काऊ सेंचुरी भविष्य में पूरे देश में रोल मॉडल की तरह जानी जाएगी और इससे प्रेरणा लेकर अन्य जनपदों में भी इस तरह के गौ अभ्यारण्य का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार गौ संरक्षण को लेकर संवेदनशील है और इसके लिए प्रयासरत है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों का जिक्र करते हुए विद्युत आपूर्ति में किए गए बदलावों का जिक्र करते हुए निरंतर सुधार किए जाने का जनता को आश्वासन दिया।

## शेष : गौ अभ्यारण्य लोकार्पण...

से सुविधाएं दी जा रही हैं। एक गाय पर 40 हजार का अनुदान दे रहे हैं। 200 गायों की नस्ल सुधार को दो करोड़ का अनुदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान एवं संचालन विपुल भटनागर द्वारा किया गया। काऊ सेंचुरी परिसर में संपन्न कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. संजीव बालियान ने अपने संबोधन में काऊ सेंचुरी गौ अभ्यारण संचालन के लिए बनी श्री गोवर्धन गौ सेवा समिति के अध्यक्ष कुशपुरी, मुख्य ट्रस्टी राकेश बिंदल, सतीश गोयल एवं भीम कंसल समेत कार्यकारिणी के पहले 31 सदस्यों एवं वर्तमान में 65 ट्रस्टियों, आजीवन सदस्यों एवं इससे जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस दौरान मुख्य रूप से श्री गोवर्धन गौ सेवा समिति के सचिव विपुल भटनागर, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुच्छल, उपाध्यक्ष दिनेश मोहन, संयुक्त सचिव शिशुकान्त गर्ग, संयुक्त कोषाध्यक्ष अंकित संगल, जनसंपर्क अधिकारी अरविन्द भारद्वाज, उद्यमी राकेश बिंदल, रघुराज गर्ग, संजीव जैन, पंकज जैन, शिव चरण दास गर्ग, रोहित सिंघल, अमित चौधरी, सुमित रोहल, पीयूष अग्रवाल, अमित गर्ग, रजत राठी, सतीश चंद्र गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल, विकास कन्नू, उमेश गोयल आदि का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रगति कुमार, वेद प्रकाश मंगल, विनय कुच्छल, सुभाष गर्ग, अभिनव अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, सुशील अग्रवाल, उपेंद्र कुमार बंसल, सतीश गर्ग, अवनीश तायल आदि के सहयोग को भी स्मरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से स्वमी कर्मवीर जी महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, गीता जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, संजय मित्तल, रूपेन्द्र सैनी, देवव्रत त्यागी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आंचल तोमर, श्रीराम ग्रुप चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ, डॉ. पुरुषोत्तम, अचिंत मित्तल, सचिन राणा, निरंकार स्वरूप, एसडी पब्लिक स्कूल के आकाश कुमार, महेश जिंदल, सौरभ गोयल, मनोज बाटला, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, रजत धीमान समेत जिले के अधिकांश ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, गन्ना सोसाइटी सदस्य, सभासद, मंडल अध्यक्ष, एनडीडीबी एवं इंडसइंड बैंक से जुड़े पदाधिकारी एवं हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोतवाली पुलिस ने किये दो शातिर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**खतौली, 22 अप्रैल (बु.)।** कोतवाली पुलिस द्वारा रिमांड पर लाये गए दो अभियुक्तों मोनू शर्मा पुत्र सतवीर निवासी मूलचन्द विहार, कस्बा खतौली व दीपक पुत्र मोहर सिंह निवासी सकौती, थाना दौराला से सीओ रामाशीष यादव व



कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मोबाइल टावरों से चोरी किया आरआरयू बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा ने बताया कि गत् 22-23 जनवरी की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा थाना खतौली व थाना मंसूरपुर व थाना नई मण्डी क्षेत्र के टावरों से आरआरयू चोरी किये गए थे, जिस पर कार्यवाही करते हुए खतौली कोतवाली पुलिस द्वारा काफी प्रयास के बाद गत 26 जनवरी को चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस द्वारा उनकी निशानदेही पर चोरी किये गए आरआरयू बरामद किये हैं।

## डीएम ने किया शामली रोड मोती झील का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मंगलवार को जनपद की सदर तहसील के अन्तर्गत शामली रोड स्थित पर्दाफाश मोती झील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भविष्य की संभावनाओं के साथ क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा सदर तहसील क्षेत्र में शामली रोड पर पर्दाफाश मोती झील का निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण के दौरान नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रज्ञा सिंह को निर्देश दिए कि पर्दाफाश मोती झील के आसपास सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मोती झील के आसपास कूड़ा ना डाला जाए, साथ ही इस पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यहां भविष्य में सुधार की तमाम संभावनाओं को तलाशने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## डीसी विकास त्यागी का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू, चार दिन में कई शहरों में घूमा विकास त्यागी

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** चार दिन बाद सोमवार की शाम एकाएक घर वापस आए बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी विकास त्यागी के गायब होने की पूरी जांच अब पुलिस कर रही है। प्रथम दृष्टया पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि यहां से गायब होने के बाद डीसी विकास त्यागी बस में बैठकर बिजनौर, वहां से हापुड़ तथा उसके बाद मुरादाबाद गया। पुलिस के मुताबिक उसके पास मोटी रकम नहीं थी, बस खर्चे के लायक जेब में पैसे थे। हालांकि विकास त्यागी ने आरोप लगाया कि बीएसए ने उनसे 15 लाख रुपए की डिमांड की थी। 15 लाख की डिमांड के कारण वह अवसाद में चला गया था। इसी कारण वह आत्महत्या के इरादे से घर से निकला था। आपको बता दें कि विकास त्यागी की पत्नी प्रीति त्यागी ने भी पहले भी यह बताया था कि उसके पति ने उसे बताया कि बीएसए संदीप कुमार उनसे 25 लाख की डिमांड कर रहे हैं। पत्नी ने घर से 14 लाख रुपये ले जाने की बात भी कैमरे के सामने साफ तौर पर कही थी। ऐसे में पुलिस सबके बयानों की जांच में जुट गयी है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने विकास त्यागी का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह की माने तो विकास के मोबाइल की जांच की गयी तो मोबाइल से व्हाट्सअप ऐप डिलीट मिला। उसके मोबाइल में व्हाट्सअप डाटा को रिकवर कर जांच की जा रही है, ताकि यह ज्ञात हो सके कि उसने किस-किस से चैटिंग की है। बीएसए पर लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है तथा बैंक खातों को खंगाला जा रहा है। जानकारी यह भी मिली है कि बीएसए कार्यालय में तैनात कुछ कर्मचारियों ने व्हाट्सअप डिलीट कर रखा है।

### बीएसए संदीप कुमार बोले-बेबुनियाद हैं उन पर लगाए गए आरोप

**मुजफ्फरनगर।** डीसी के गायब होने के बाद मंगवाल को बीएसए संदीप कुमार ने अपना बयान देते हुए बताया कि उन पर लगे सभी आरोप बेबुनियाद हैं। उनका कहना है कि ऑफिस के कैमरे में सभी चीजों के रिकॉर्ड दर्ज हैं और डीसी विकास त्यागी जो उन पर संविदा समाप्त करने का आरोप लगा रहा है, स्वयं उनके द्वारा ही दो महीने पहले उसका नवीनीकरण किया गया था। संदीप कुमार का कहना है कि 25 हजार रुपये महीना लेने वाले कर्मचारी से वे 25 लाख रुपये की डिमांड कैसे कर सकते हैं। उनका कहना है कि विभाग को बदनाम करने के लिए विकास त्यागी बेबुनियादी आरोप लगा रहा है।

## चाट बाजार के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तलाशने का डीएम ने दिया आश्वासन

- टाउनहाल के चाट बाजार को अब डीएम ने भी किया अस्वीकार
- वैकल्पिक व्यवस्था तलाशने के साथ दो दिन का दिया समय

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** टाउनहाल के बाहर पूर्व में बंद कराया चाट बाजार का प्रकरण समाधान से अभी कोसों दूर दिखाई दे रहा है। हालांकि इस समस्या के निदान की खातिर डीएम दरबार में पहुंचे वेंडरों को उस वक्त मायूसी हाथ लगी, जब मंगलवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने इस बाजार के वेंडरों के साथ मुलाकात करते हुए उनकी समस्या को सुनने के बाद भाकियू और हिंदूवादी संगठनों के नेताओं के साथ पहुंचे वेंडरों को डीएम ने दो टूक जवाब दे दिया कि टाउनहाल के बाहर चाट बाजार फिर से लगने नहीं दिया जायेगा। हालांकि उनहोंने विकल्प देते हुए शहर में अपनी पसंद की जगह को तलाशने के बाद वहां तमाम व्यवस्था स्वयं कराकर देने का पूर्ण आश्वासन दिया।
बीते 7 दिन से टाउनहाल के बाहर मुख्य मार्ग पर चाट बाजार के स्थान पर अपना ठेला, ठिया लगाकर रोजी रोटी कमाने वाले वेंडर धरनारत हैं। नगरपालिका ने सौन्दर्यकरण कराने के नाम पर टाउनहाल का यह चाट बाजार समाप्त कर दिया है। इसको लेकर भाकियू, शिवसेना और क्रांतिसेना के साथ पालिका सभासदों का समर्थन भी चाट बाजार संघ को मिला है। डीएम ने इनकी समस्या का समाधान तलाशने के लिए मंगलवार को वार्ता बुलाई। इस बैठक में भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी, शिवसेना नेता शरद कपूर, क्रांतिसेना के देवेन्द्र चौहान के साथ चाट बाजार के वेंडर कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम उमेश मिश्रा से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने दो टूक कह दिया कि टाउनहाल के बाहर चाट बाजार जो हट चुका है, उसे पुनः नहीं लगाया जायेगा। वहां चाट बाजार के नाम पर अतिक्रमण के साथ ही दूसरी समस्या पैदा हो रही थी। डीएम ने कहा कि प्रशासन किसी भी दुकानदार का अहित नहीं होने देगा। शहर में कई स्थान हैं, जहां चाट बाजार को स्थानांतरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दो दिन तक वो एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ ऐसे वैकल्पिक स्थानों पर जाकर भ्रमण करें और संभावना तलाश करें। इसके बाद फिर से बैठक करके समाधान तलाशा जायेगा। इस दौरान वार्ता में मुख्य रूप से एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह भी मौजूद रहीं।



## युवती से दुराचार का प्रयास

**खतौली, 22 अप्रैल (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र का एक युवक गांव के ही एक घर में युवती को अकेला देखकर घुस गया। आरोप है कि युवक द्वारा युवती के साथ जबरदस्ती करते हुए अश्लील हरकत करने का प्रयास किया गया। युवक के कृत्य का युवती ने विरोध करते हुए शोर मचा दिया तो युवती का शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा होने लगे। लोगों को अपनी ओर आता देख आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। युवती के पीड़ित परिजनों द्वारा कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर देकर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक की खोजबीन शुरू कर दी है।

## पंजाब में पुलिस अभियान में 10 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद, 21 अप्रैल (वार्ता)** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में एक संयुक्त सुरक्षा अभियान में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक बयान में कहा गया कि मियांवाली जिले के मकरवाल क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया गया, जहां आतंकवादियों और कानून प्रवर्तन कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

## छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोप में जेल काट चुका कोचिंग सेंटर संचालक साक्ष्य के अभाव में बरी

**मुजफ्फरनगर, 22 अप्रैल (बु.)।** 4 सितम्बर 2017 के एक मामले में कोचिंग सैंटर संचालक साक्ष्यों के अभाव में पॉक्सों कोर्ट ने बरी कर दिया। आपको बता दें कि 4 सितम्बर 2017 को शामली जनपद के झिंझाना थाना क्षेत्र के लब्बा दाउदपुर गांव निवासी अजय शर्मा के खिलाफ वादी ने नई मंडी में बेटी से अश्लील हरकतें करने का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें वादी ने जानकारी देते हुए बताया था कि उनकी बेटी अजय शर्मा के नई मंडी स्थित कोचिंग सेंटर पर फिजिक्स का ट्यूशन पढ़ने जाती थी। 4 सितंबर 2017 को अजय शर्मा द्वारा बेटी के साथ अश्लील हरकतें की गयी थी। उस समय कोचिंग सेंटर पर अन्य बच्चे मौजूद नहीं थे। पुलिस ने उक्त मामले में अजय शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। मुकदमे की सुनवाई तभी से पॉक्सो कोर्ट में चल रही थी जहां विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट अंजनी कुमार सिंह की अदालत में इस मामले सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की ओर से 6 गवाह पेश किए, जबकि सफाई साक्ष्य बयान में एक गवाह की गवाही कराई गई। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के दलील सुनने के बाद साक्ष्य के अभाव में न्यायाधीश ने कोचिंग सेंटर के संचालक अजय शर्मा को दोष मुक्त करार दिया।

## शेष : गरीब के आशियाने...

लेकिन जब तक उनका सभी सामान जल कर राख हो चुका था। लाखों की भैंस की मौत के बाद पत्नी शबाना, बेटा अरसलान व छोटे बेटे समद का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पड़ोसी जहांगीर पुत्र अशरफ की झोपड़ी में भी आग लगने से खाट, बिछाने के कपड़े, व अन्य सामान जिसमें खाने का सामना जल कर राख हो गया है, वहीं ग्रामीणों ने एसडीएस जानसठ से दोनों पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग की है।

## सिविल सेवा परीक्षा में शक्ति दुबे पहले और हर्षिता गोयल दूसरे स्थान पर

**नयी दिल्ली 22 अप्रैल (वार्ता)** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सुश्री शक्ति दुबे ने प्रथम और सुश्री हर्षिता गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि श्री डोंगरे अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे। आयोग ने मंगलवार को परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से तीन महिलाएं और दो पुरूष हैं। परीक्षा में कुल 1009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिला) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। इनमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 180, भारतीय विदेश सेवा के लिए 55, भारतीय पुलिस सेवा के लिए 147, सेन्ट्रल सर्विस ग्रुप ए के लिए 605 और ग्रुप बी के लिए 142 उम्मीदवार चुने गये हैं। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाये गये। इनमें से 2,845 उम्मीदवार परीक्षा के व्यक्तित्व परीक्षण के योग्य पाये गये। अंतिम रूप से 1009 उम्मीदवारों को नियुक्तियों के लिए अनुशंसित किया गया है। इन उम्मीदवारों में शीर्ष पांच में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सुश्री शक्ति दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक (बी.एससी.) किया है। सुश्री हर्षिता गोयल ,एमएस यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा से स्नातक (बी.कॉम.) ने राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। श्री डोंगरे अर्चित पराग, वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक (बी.टेक.) ने दर्शनशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुश्री शाह मार्गी चिराग , गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बी.ई. ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। श्री. गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में बी.टेक. आकाश गर्ग ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर पांचवां स्थान प्राप्त किया। शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। शीर्ष 25 सफल उम्मीदवारों ने लिखित (मुख्य) परीक्षा में मानव विज्ञान, वाणिज्य और लेखा, भूगोल, गणित, दर्शनशास्त्र, भौतिकी, राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र और तमिल भाषा के साहित्य सहित कई वैकल्पिक विषयों का चयन किया है। अनुशंसित उम्मीदवारों में बेंचमार्क विकलांगता वाले 45 व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनमें 12 अस्थि विकलांग, 08 दृष्टिबाधित, 16 श्रवण बाधित और 09 बहु विकलांगता वाले व्यक्ति शामिल हैं।

